Decision of The Board of Governors of Kendriya Vidyalaya Sangathan

1462. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to answer to Unstarred Question 66 given in the Rajya Sabha on the 22nd February, 1989 and state whether copies of the decisions arrived at in the meeting of the Board of Governors of Kendriya Vidyalaya Sangathan held on the 27th December, 1988 were supplied to the Assistant Commissioners of Kendriya Vidyalayas and different associations of employees of Kendriya Vidyalaya Sangathan; if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L.P. SHAHI): Follow up action on the decisions arrived at in the meeting of the Board of Governors of Kendriya Vidyalaya Sangathan is taken at the level of Kendriya Vidyalaya Sangathan (Hqrs.). Instructions regarding decisions are circulated to all officers / sections and Asstt. Commissioners for implementation. Administrative instructions relating to service matters are also circulated among recognised service associations.

दिल्ली में वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबरों मे परिवर्तन

1463. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **जल-भूतल परिवहन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1987, 1988 और 1989 के दौरान दिल्ली में कितने वाहन पंजीकृत किए गए जिनका रजिस्ट्रेशन नंबर चार, तीन या दो अंको में था तथा जिन्हें बदल कर एक अंक के नंबर में परिवर्तित कर दिया गया;

(ख) यदि हां, तो यह परिवर्तन किस आधार पर किया गया; और

(ग) कितने आवेदको के नम्बरों को एक अंक के नम्बर में परिवर्तित नहीं किया गया और उसके क्या कारण है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट): (क) से (ग); दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि 1987, 1988 और 1989 के दौरान चार, तीन और दो डिजिट के 23 वाहनों के रजिस्ट्रेशन नम्बर को प्रशासनिक, सुरक्षा आदि कारणों से बदल कर एक डिजिट में कर दिया गया है। दिल्ली प्रशासन उन आवेदकों के रेकार्ड नहीं रखता जहां ऐसे अनुरोधों को नहीं माना जाता है।

पाकिस्तान के प्रधान मंत्री की भारत यात्रा

1464. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पाकिस्तान की प्रधान मंत्री द्वारा भारत की यात्रा कब तक किये जाने की संभावना है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. नटवर सिंह): भारत और पाकिस्तान के प्रधान मंत्रियों के बीच दिसम्बर 1988 मे हुई बातचीत के दौरान, दोनो नेताओं ने एक-दूसरे को अपने-अपने देश की यात्रा का निमंत्रण दिया जिसे दोनों नेताओं ने स्वीकार किया। इन यात्राओं का समय राजनयिक माध्यमों से तय किया जाएगा।

Death Threat to S / Shri Bal Thakrey and Madhu Mehta

1465. SHRI CHIMANBHAI MEHTA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some Indian leaders including S / Shri Bal Thakrey and Madhu Mehta have been threatened by the Iranian Guards of physically liquidating them for criticising the official Iranian stand on the book Satanic Verses written by Salman Rushdie;

(b) whehter Government are considering to register their protest with the Iranian Government on this issue; and

(c) whether, in the past, any Indian leaders or scholars were threatened of murder by any organisation supported by some foreign Government; if so, what are the details thereof and what was Government's reaction thereto?